# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक : BRLPS/LSBA/Proj/102/19/63 दिनांक : 02.06.2020

प्रेषक,

**राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०,**
प्रशासी पदाधिकारी-सह- राज्य समन्वयक।

सेवा में,

**सभी जिला समन्वयक/प्रभारी जिला समन्वयक,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

**विषय:** **विभिन्न जिलों में प्रतिनियुक्त राज्य एवं जिला संसाधन सेवी की त्रैमासिक कार्य प्रदर्शन मूल्यांकन (Performance Appraisal) के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कतिपय कारणों से विभिन्न जिलों में प्रतिनियुक्त राज्य एवं जिला संसाधन सेवियों का Performance Appraisal माह अक्टूबर, 2019 से माह मार्च, 2020 तक नहीं किया गया है। परंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैश्विक महामारी कोविड-19 जैसी आपदा की घड़ी में जीविकोपार्जन हेतु राज्य संसाधन सेवियों का माह मार्च, 2020 तक एवं जिला संसाधन सेवी का माह मई, 2020 तक का Resource Fee का भुगतान राज्य एवं जिला स्तर पर किया जा चुका है।

इस क्रम में विभिन्न जिलों से राज्य एवं जिला संसाधन सेवियों से संबंधित प्राप्त कार्यपुष्टि (Feedback) अपेक्षानुरूप नहीं है। DRP/SRP policy के आलोक में सभी कार्यरत राज्य एवं जिला संसाधन सेवी के त्रैमासिक Performance Appraisal के उपरांत ही उनकी सेवा विस्तारित की जानी है। अत: सूचित किया जाता है कि ***प्रतिनियुक्त सभी राज्य एवं जिला संसाधन सेवियों का त्रैमासिक Performance Appraisal (माह अक्टूबर, 2019 से मार्च, 2020 तक) जूम विडियो कॉल के माध्यम से किया जायेगा।*** इस हेतु राज्य एवं जिला संसाधन सेवियों द्वारा विहित प्रपत्र में Self Assessment (स्व आकलन) भरकर एक प्रति संबंधित जिला कार्यालय को एवं एक प्रति राज्य कार्यालय को **दिनांक 05 जून, 2020 तक** निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे। तदोपरांत संबंधित जिला कार्यालय द्वारा **दिनांक 12 जून, 2020 तक** अनुशंसा के साथ इसे राज्य कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

जूम कॉल के माध्यम से की जाने वाली Performance Appraisal प्रक्रिया की विवरणी निम्नवत् है :-

| **दिनांक 06 जून, 2020 को निम्न जिलों में प्रतिनियुक्त SRP/DRP की भागीदारी** (अपराह्न 3:30 बजे से 5:00 बजे तक) | **दिनांक 08 जून, 2020 को निम्न जिलों में प्रतिनियुक्त SRP/DRP की भागीदारी** (अपराह्न 3:30 बजे से 5:00 बजे तक) |
|---|---|
| औरंगाबाद, पूर्वी चम्पारण, सुपौल, अररिया एवं कटिहार। | पटना, बक्सर, अरवल, पूर्णिया एवं जमुई। |

| **दिनांक 09 जून, 2020 को निम्न जिलों में प्रतिनियुक्त SRP/DRP की भागीदारी** (अपराह्न 3:30 बजे से 5:00 बजे तक) | **दिनांक 10 जून, 2020 को निम्न जिलों में प्रतिनियुक्त SRP/DRP की भागीदारी** (अपराह्न 3:30 बजे से 5:00 बजे तक) |
|---|---|
| भागलपुर, गया, सारण, सिवान एवं बेगूसराय। | पश्चिम चम्पारण, समस्तीपुर, दरभंगा, बांका एवं खगड़िया। |

| **दिनांक 11 जून, 2020 को निम्न जिलों में प्रतिनियुक्त SRP/DRP की भागीदारी** (अपराह्न 3:30 बजे से 5:00 बजे तक) | **दिनांक 12 जून, 2020 को निम्न जिलों में प्रतिनियुक्त SRP/DRP की भागीदारी** (अपराह्न 3:30 बजे से 5:00 बजे तक) |
|---|---|
| मधेपुरा, रोहतास, अररिया एवं मुजफ्फरपुर। | मधुबनी, वैशाली, |

लंबित त्रैमासिक Performance Appraisal के उपरांत सभी संबंधित राज्य एवं जिला संसाधन सेवी के प्रतिनियुक्ति एवं जिला आवंटन से संबंधित निर्णय से संसूचित किया जायेगा।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विश्वासभाजन

02/06/2020

(राजीव कुमार सिंह)

**ज्ञापांक :** BRLPS/LSBA/Proj/102/19/63 **दिनांक :** 02.06.2020

प्रतिलिपि : सभी निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण -सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि : सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

02/06/2020

(राजीव कुमार सिंह)